# हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(द्वितीय सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

## वीरवार, 5 अप्रैल, 2018/15 चैत्र, 1940 (शक्)

----

**[मुख्य मन्त्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - कृषि मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - वन मन्त्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 44**

----

### अवैध कब्जे

***499 श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) नगरोटा सूरियां बस-स्टैंड पर अवैध कब्जों को हटाने के लिए न्यायालय ने आदेश पारित किये हैं;

(ख) यदि हाँ, तो सरकार द्वारा इस पर क्या कार्रवाई की गई; और

(ग) सरकार अवैध कब्जाधारियों को पुनर्वास करने का विचार रखती है?

----

### राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गैहरा

***500 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि दिनांक 18 जुलाई, 2016 को भारी वर्षा के कारण राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गैहरा, जिला मण्डी के परिसर को भारी नुकसान हुआ; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने  इसकी मरम्मत हेतु क्या पग उठाये हैं; ब्यौरा दें?

----

**Fruit Processing Plant**

*501 **श्री नरेन्द्र बरागटा (जुब्बल-कोटखाई ):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जुब्बल-कोटखाई निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत गुम्मा-कोटखाई में Fruit Processing Plant (HPMC) का शिलान्यास कब किया गया तथा इसके  निर्माण की  अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

**टायर घोटाला**

*502 **श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क)  यह सत्य है कि परिवहन निगम में नालागढ़ तथा ऊना में टायरों की खरीद में घोटाला हुआ है;

(ख) यदि हां, तो  उसमें कौन-कौन अधिकारी शामिल रहे; और

(ग) दोषियों के विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई?

----

**Fruit/Vegetable Market at Kandaghat**

*503 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Agriculture Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that the Government land of 91 bighas has been transferred in the name of Agriculture department for construction of Fruit and Vegetable Market at Kandaghat; and

(b) if yes, by when will the work be started and what faciities would be provided; details be given?

----

**Settlement at Shillai**

*504 **Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that settlement of Shillai in district Sirmaur is being done

by the Revenue department; and

(b) if yes, when it was started and by when it will be completed?

----

## पुलिस प्रशासन कोर्स

***505 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में पुलिस प्रशासन कोर्स की कक्षाएं प्रारम्भ करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

----

## रेलवे लाईन

***506 श्री परमजीत सिंह (दून):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सरकार औद्योगिक क्षेत्र बद्दी में रेलवे लाईन बिछाने का विचार रखती है;

(ख) सरकार द्वारा भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है; और

(ग) यदि हां, तो इसका कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जायेगा?

----

## अनुसूचित जाति उप-योजना

***507 श्री सुरेश कुमार कश्यप (पच्छाद):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में अनुसूचित जाति उप-योजना के अन्तर्गत कौन-कौन से कार्य किए गए; ब्यौरा कार्यवार दें; और

(ख) कितने कार्य प्रारम्भ किए गए और उनमे से कितने पूर्ण हो गए हैं?

----

## बैंटनी कॉटेज

***508 श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) प्रदेश सरकार ने बैंटनी कॉटेज शिमला का अधिग्रहण किया है;

(ख) यदि हां, तो इसके लिए कितनी धनराशि अदा की गई; और

(ग) यह स्थान किस कार्य के लिए प्रस्तावित है; ब्यौरा दें?

----

## प्रधान मन्त्री कृषि सिंचाई योजना

***509 श्री जवाहर ठाकुर (दरंग ):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) दरंग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में प्रधान मन्त्री कृषि सिंचाई योजना के अन्तर्गत कौन-कौन सी योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं; ब्यौरा योजनावार दें; और

(ख) इनमें से कौन-कौन सी योजनाओं की डी०पी०आर० स्वीकृत हो गई है ?

----

## विद्युत/पानी के कनैक्शन

***510 श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश में कितने सरकारी भवनों को टाऊन एण्ड कन्ट्री प्लानिंग विभाग के एन0ओ0सी0 न मिलने के उपरान्त भी बिजली व पानी के कनैक्शन दिये गये; सरकारी भवनों का ब्यौरा जिलावार दें; और

(ख) सरकार जिन्हें एन0ओ0सी0 नहीं मिला है उन्हें बिजली व पानी के कनैक्शन देने का विचार रखती है?

----

## अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु आरक्षण

***511 श्री रमेश चंद ध्वाला(ज्वालामुखी) :**
**श्री पवन कुमार काजल(कांगड़ा) :**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिले में कितना आरक्षण अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) के छात्रों को दिया जा रहा है; संस्थानवार प्रदेश के सरकारी क्षेत्र में सभी विश्वविद्यालयों तथा मैडिकल, इंजीनियरिंग, B.Ed व Polytechnic Colleges में दाखिले में दिए जाने वाले आरक्षण का ब्यौरा दें; और

(ख) क्या सरकार केन्द्र की नीति के अनुसार 27 प्रतिशत दाखिले में आरक्षण देने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

----

## बुढ़ापा पैंशन

*512 **श्री सुख राम (पांवटा साहिब) :**
**श्री विनोद कुमार(नाचन) :**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में सरकार ने बुढ़ापा पैंशन के लिये आयु सीमा 80 से घटाकर 70 वर्ष की है;

(ख) यदि हाँ, तो 15 फरवरी, 2018 तक इस अवधि को घटाने के उपरान्त कितने आवेदन आए; ब्यौरा जिलावार दें; और

(ग) सामाजिक सुरक्षा पैंशनर कितने हैं; श्रेणीवार ब्यौरा दें?

----

## पेयजल योजनाएं

*513 **श्री राजिन्द्र गर्ग(घुमारवीं) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंडल घुमारवीं द्वारा कहां-कहां पेयजल आपूर्ति/सिंचाई के टैंकों का निर्माण किया गया व वर्तमान में कहां-कहां निर्माणाधीन हैं; ब्यौरा टैंकों का उनको जोड़ने वाली योजनाओं के नाम सहित दें;

(ख) यह सत्य है कि पहले भी कुछ टैंक योजना से न जोड़े जाने के कारण आज खण्डहर हैं; यदि हां, तो ब्यौरा टैंकवार उन पर खर्च की गई राशि सहित दें;

(ग) गत तीन वर्षों में सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न विकास कार्यों के कौन-कौन से शिलान्यास कहां-कहां किए गए; और

(घ) कितने कार्य कब पूर्ण हुए; ब्यौरा कार्यों की अद्यतन स्थिति सहित दें?

----

## Industrial Area in Gehrwin

*514 **Sh. Jeet Ram Katwal (Jhanduta):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state that:-

(a) whether any survey was conducted by the Government to start industrial area in Gehrwin of Jhanduta constituency; if yes, a copy be laid on the table of the House; and

(b) by when work will start?

----

## बिरोजा उद्योग

***515 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी)ः**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में वन निगम के बिलासपुर बिरोजा उद्योगों में कितना-कितना बिरोजा शुद्व करने के लिए दिया गया; इससे जो तारपीन और शुद्ध बिरोजा निकला उसे कितनी मात्रा में बाजार में भेजा गया; ब्यौरा दें?

----

## कलाकारों को सुविधाएं

***516 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्ष 2018 में सरकार द्वारा प्रादेशिक, राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय उत्सवों और मेलों में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए कितनी धनराशि व्यय की गई और किन-किन कलाकारों को कितनी -कितनी धनराशि दी गई; धनराशि का आबंटन किस आधार पर किया गया; और

(ख) सरकार हिम आंचल, कलाकार संगठन को प्रदेश में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आयोजित होने वाली कमेटी में शामिल करने का विचार रखती है?

----

## देहरा HPSEB मण्डल में रिक्तियां

***517 श्री होशयार सिंह (देहरा)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि देहरा HPSEB मण्डल के अन्तर्गत उप-मण्डलों में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं; इनको भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

----

## सड़कों की अद्यतन स्थिति

***518 श्री सुन्दर सिंह ठाकुर(कुल्लू) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि निम्नलिखित सड़कों की अद्यतन स्थिति क्या हैः- (i) दोगरी- समालंग तिउन, (ii) शेताजौल से लाशणी, (iii) लाशणी से संटेगड़ बिरनी, (iv) बराधा से हुरन पुंथल , (v) लपास से कयाणी , (vi) बरशैणी से पुलगा, (vii) कटगला से रशोल, (viii) कसोल से ग्राहण; और (ix) शारनी से पीणी ?

----

## रेणुका जी वन विहार

*519 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी ):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि रेणुका जी वन विहार में दो बाघों का आना प्रस्तावित है और सैंट्रल जू अथॉरिटी ने एक टाइगर के जोड़े की स्वीकृति दी है; और

(ख) रेणुका जी वन विहार का सुधार करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

----

## लोहारली-चुरूड़ू पुल

*520 **श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार स्वां नदी पर लोहारली-चुरूड़ू को जोड़ने हेतु पुल बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

----

## ऊहल फेज-III

*521 **श्री प्रकाश राणा(जोगिन्द्रनगर) :**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) ऊहल फेज-III का कार्य कब आरम्भ हुआ; इसकी अद्यतन स्थिति क्या है;

(ख) इस पर कितनी धनराशि व्यय हुई व कितनी आय प्रतिवर्ष होगी; और

(ग) इस परियोजना में स्थानीय क्षेत्र के कितने कर्मचारी कार्यरत हैं; ब्यौरा नाम व पते सहित दें?

----

## प्रधान मन्त्री सिंचाई योजना

*522 **श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल करसोग में प्रधान मन्त्री सिंचाई योजना के अन्तर्गत कितनी योजनाएं स्वीकृत हैं; इन पर कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें?

----

## सड़क निर्माण

***523 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि लोक निर्माण विभाग उप-मण्डल Kakar के अन्तर्गत थाती लोहियाँ से जमूली माता मन्दिर तक सड़क का कार्य कब हुआ; इस पर कितनी धनराशि व्यय की गई; इसकी अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## सड़कों पर सुरक्षा दीवार का निर्माण

***524 श्री लखविन्द्र सिंह राणा(नालागढ़) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में लोक निर्माण मण्डल नालागढ़ के अन्तर्गत किन-किन सड़कों पर सुरक्षा दीवार (Protection Wall) लगाई गई व कितने लहासे उठाने का कार्य किया गया; और

(ख) इन पर कितनी धनराशि व्यय की गई व कार्य किन-किन ठेकेदारों को दिया गया; ब्यौरा दें?

----

## Liquor Sale

***525 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) during the last two years how much revenue was generated firm liquor sale after the introduction of the H.P Beverages Corporation in the state;

(b) how much revenue was accrued from liquor sale in the financial year 2015-2016; and

(c) what steps have been taken by the Government to ensure transparency and check cartelism under the present policy?

----

## पुल निर्माण

***526 श्री सतपाल सिंह रायजादा(ऊना) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या ऊना विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत जलग्रां पंचायत के रक्कड़ से कुठार गांव तक रेलवे लाइन के ऊपर पुल निर्माण प्रस्तावित है;

(ख) यदि हाँ, तो इसके निर्माण हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया;

(ग) वनगढ़ पंचायत के फतेहवाल गांव में जो मुख्य-मुख्य पुलों का निर्माण किया गया है उसके लिए कितने धन का प्रावधान किया गया व उस पर कितनी धनराशि व्यय की गई है; और

(घ) क्या गांव की बस्तियों को मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए कोई छोटी पुलियां व लिंक रोड़ के निर्माण की योजना है; यदि हाँ, तो कितनी धनराशि स्वीकृत की गई व कार्य कब तक आरम्भ होगा?

----

## स्टोन क्रशर

*527 **श्री इन्द्र सिंह(सरकाघाट) :**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) प्रदेश में कितने स्टोन क्रशर कार्य कर रहे हैं; स्टोन क्रशर को स्थापित करने हेतु क्या मापदण्ड हैं; प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ख) गत एक वर्ष में illegal mining के कितने मामले कहां-कहां दर्ज किए गए; जिलावार ब्यौरा दें?

----

## पराला-मण्डी

*528 **श्री नरेन्द्र बरागटा (जुब्बल-कोटखाई ):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि ज़िला शिमला में स्थापित पराला-मण्डी का शिलान्यास कब किया गया व इसकी अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## Rules for appointment

*529 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that whether the Government proposes to amend existing rules for appointment of Chairman & Members of Himachal Pradesh Public Service Commission?

----

## भट्टाकुफर पशु औषधालय

***530 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) कसुम्पटी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत भट्टाकुफर स्थित पशु औषधालय के भवन हेतु भूमि का चयन कर लिया गया है; यदि हां, तो कहां; और

(ख) भवन निर्माण हेतु सरकार ने कितनी धनराशि स्वीकृत की है; इसका निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा?

----

## पानी की समस्या

***531 श्री सुरेश कुमार कश्यप (पच्छाद):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सराहाँ में पेयजल की समस्या के समाधान हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

----

## NHPC कार्यालय

***532 श्री जवाहर ठाकुर (दरंग ):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में हीरानगर (घणाहट्टी), जिला शिमला में NHPC का कार्यालय किस के भवन में कब से चल रहा है; ब्यौरा भवन मालिक के नाम व अदा किये जा रहे मासिक किराये सहित दें;

(ख) यह सत्य है कि भवन का निर्माण लीज पर ली गई भूमि पर किया गया है;

(ग) यदि हां, तो लीज किस उद्देश्य हेतु दी गई; लीज की प्रति सभा पटल पर रखें; और

(घ) भूमि का उपयोग यदि व्यावसायिक कार्यों के हेतु किया जा रहा है, तो सरकार इसके विरूद्ध क्या कार्रवाई करेगी?

----

## दुग्ध उत्पादक फैडरेशन

***533 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक फैडरेशन ने कौन-कौन सी मशीनें व

वस्तुएं 5 लाख रूपये से अधिक की क्रय की; और

(ख) क्रय की गई सामग्री में क्या अनियमितताएं पाई गई हैं; यदि हां, तो सरकार द्वारा दोषियों के विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें ?

----

## पंचायतों को धनराशि

***534 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) कांगड़ा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत 42 पंचायतों को 14वें वित्तायोग द्वारा आबंटित धनराशि को व्यय कर लिया है; और

(ख) किन-किन पंचायतों द्वारा व्यय नहीं की है; ब्यौरा दें?

----

## गुरू गोविन्द सिंह पांवटा साहिब व भरली महाविद्यालय

***535 श्री सुख राम (पांवटा साहिब) :**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) राजकीय गुरू गोविन्द सिंह पांवटा साहिब महाविद्यालय की स्थापना कब हुई; इस को रूसा के अन्तर्गत वित्तीय सहायता उपलब्ध नहीं है; यदि हां, तो कब तक दी जाएगी;

(ख) राजकीय महाविद्यालय गुरू गोविन्द सिंह व भरली में भवन के कार्यों की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ग) क्या सरकार गुरू गोविन्द सिंह महाविद्यालय में auditorium बनाने का विचार रखती है ?

----

## कौशल विकास कार्यक्रम

***536 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कौशल विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत कितने प्रशिक्षण संस्थान खोले गए; ब्यौरा नाम सहित दें; प्रशिक्षित विद्यार्थियों को कौशल विकास भत्ता नियमित रूप से मिल रहा है?

----

## भू-बंदोबस्त

*537 **श्री राजिन्द्र गर्ग (घुमारवीं):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि घुमारवीं विधान सभा चुनाव क्षेत्र में भू-बन्दोबस्त का कार्य चल रहा है; यदि हां, तो कब से और कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

----

## Water Supply and Irrigation schemes

*538 **Sh. Jeet Ram Katwal (Jhanduta):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) how many schemes of water supply & irrigation are there in Jhanduta constituency; scheme wise details be given;

(b) whether all are commissioned; if not, reasons therefor; and

(c) whether it is a fact that there is acute shortage of water specially in backward area of Kotdhar; if yes, what steps are being taken by the Government to improve the water supply?

----

## जिला परिषद/ब्लॉक समितियों हेतु बजट

*539 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि जिला परिषद और ब्लॉक समितियों को धन का आबंटन बंद कर दिया गया है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इसके लिए बजट का प्रावधान करेगी?

----

## नियमितीकरण

*540 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश सरकार ने क्या श्यामलात और सरकारी भूमि पर बने भवनों और कब्जों को नियमित करने का कोई फैसला लिया है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

----

## धाार्मिक पर्यटन

***541 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी ):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार क्या सिरमौर जिला को धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो क्या कार्रवाई की जा रही है; ब्यौरा दें?

----

## Vehicular Accidents

***542 Sh. Balbir Singh (Chintpurni):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that whether it is a fact that cases of casuality of human and cattle lives through vehicular accidents are on the rise; if yes, what action has been taken by the Government?

----

**Shimla : 171004.** **Sunder Singh Verma,**

**Dated: 21st March, 2018.** **Secretary.**